तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025

4
मंच पर सजी लोक व शास्त्रीय प्रस्तुतियों की अनूठी छटा





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

### सात दिन तक बनाया बंधक, पति को भी जान से मारने की दी धमकी

# अपराधः तलवार की नोक पर विवाहिता से गैंगरेप आरोपियों के चंगुल से छूटकर थाने पहुंची पीड़िता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कापू थाना अंतर्गत एक झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। मजदूरी करने गांव पहुंचे दो दरिंदों ने तलवार की नोक पर आदिवासी विवाहित महिला के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों 7 दिनों तक पीड़िता को बंधक बना कर अपनी हवस मिटाई और घटना की जानकारी किसी को देने पर उसके पति को भी जान से मारने की धमकी दी।

आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता थाने की शरण में पहुंची, जहां पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है। जिले के कापू थाना क्षेत्र की रहने वाली विवाहित आदिवासी महिला गैंगपरेप की शिकार हुई है। इस घटना का खुलासा होने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल भैंसबुड़ी निवासी कमलु तिग्गा और धमनाडांड निवासी धनसाय एक्का 21 अगस्त को पीड़िता के गांव में इनके रिश्तेदार के घर काम करने आए थे। जहां उन्होंने पीड़िता को देखा और उनकी नीयत डोल गई। रात में दोनों ने पीड़िता को अकेला पाकर तलवार की नोक पर उसे डराया धमकाया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

दरिंदों ने देखा कि पीड़िता उनसे डर रही है तो उन्होंने सीधे उसको बंधक बनाकर अपने साथ अपने गांव ले गए। वहीं करीब सप्ताहभर तक उसे बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार करते रहे। जब आरोपियों का मन भर गया तो पीड़िता को वापस उसके गांव में छोड़ दिए।

### पारिवारिक सलाह मशविरा के बाद पहुंची थाने

आरोपियों द्वारा पीड़िता के परिवार वालों को भी इस घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसके डर से पीड़िता थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं करा रही थी। चूंकि इस घटना से उसकी आत्मा को चोंट पहुंची थी और बार-बार उसे वही मंजर याद आ रहा था, ऐसे में परिवार में सलाह-मशवरा हुई। सभी की सहमति के बाद पीड़िता थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया।

### 10 साल की सजा काट कर लौटा था आरोपी

आरोपी धनसाय एक्का वर्ष 2010 में अपने ही गांव के एक व्यक्ति की हत्या कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था। इस मामले में आरोपी 10 साल जेल में रहा। वहीं जेल से रिहा होने के बाद वह उसने फिर से गैंगरेप जैसी घटना को अंजाम दिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए इस घटना से उच्चाधिकारी को अवगत कराया गया था, इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।
**इंगेश्वर यादव**
थाना प्रभारी कापू

### पुलिस के उड़े होश, तत्काल लिया एक्शन

पीड़िता थाने पहुंच कर अपने साथ हुई आपबीती बताई तो पुलिस के भी होश उड़ गए। इसके बाद थाना प्रभारी द्वारा तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को इस घटना से अवगत कराया गया। अधिकारी भी इस वारदात को सुन कर सन्न रह गए और थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी धनसाय एक्का पता सोन साय एक्का (40) निवासी धमनाडांड चौकी रैरुमा, थाना धरमजयगढ़ व कमलु तिग्गा पिता चंदरसाय तिग्गा (40) निवासी भैंसबुड़ी थाना लैलूंगा के खिलाफ धारा 70(2), 351(2), 140(3), 127(2), 3(5) बीएनएस व 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### सरसींवा के तेजस्वीनी ट्रेडर्स से एक ट्रक अवैध खाद जब्त

**सरसींवा।** जिले में खाद की कालाबाज़ारी थमने का नाम नहीं ले रही है। किसानों की मजबूरी और फसलों की चिंता का फायदा उठाकर कई दुकानदार यूरिया खाद को वास्तविक मूल्य से कई गुना अधिक दामों पर बेच रहे हैं। ऐसे में आज सरसींवा कोदवा में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई सामने आई। कृषि विभाग ने तेजस्वीनी ट्रेडर्स में छापा मारते हुए एक ट्रक में लोड लगभग 600 बोरी अवैध यूरिया खाद जब्त किया। जाँच में पाया गया कि दुकान के पास भारी मात्रा में यूरिया का भंडारण था, लेकिन मशीन में स्टॉक दर्ज नहीं था। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से खाद रखा गया है और किसानों को महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। इस आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध स्टॉक ज़ब्त किया गया। उन्होंने आगे कहा कि कृ श्दुकान के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगीए साथ ही अन्य विधि सम्मत कार्यवाही भी की जाएगी। प्रशासन हरकत में आकर तत्काल बड़ी कार्यवाही करने पर मजबूर हुआ।

## खबर संक्षेप

### कोनपारा को राजस्व ग्राम पंचायत बनाने की मांग



**रायगढ़।** ज़िले के विजयनगर क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से ज्ञापन सौंपकर एक खास मांग की है। कोनपारा को अलग राजस्व ग्राम पंचायत बनाने की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत का दायरा बहुत बड़ा हो गया है और इतने बड़े क्षेत्र में विकास कार्य सही ढंग से नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया है कि कोनपारा, चटकपुर, टाटानगर और टाटीकोना गांवों को मिलाकर कोनपारा को राजस्व ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि इन गांवों की संयुक्त आबादी लगभग 5,585 है। इतने बड़े जनसंख्या अनुपात के बावजूद लोगों को मूलभूत सुविधाएँ समय पर नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान पंचायत व्यवस्था में उन्हें छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूर तक जाना पड़ता है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रभावित हो रही हैं। किसानों को योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत होती है ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोनपारा को राजस्व ग्राम पंचायत बनाया जाता है तो विकास कार्य तेजी से होंगे और शासन की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुँच सकेगा। इससे महिलाओं, किसानों और युवाओं को सीधा फायदा मिलेगा। ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

### जिले में 1050.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 सितम्बर तक 1050.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1214.3 मिली मीटरए पुसौर में 1119, खरसिया में 957.7, मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ऑनलाइन आय-निवास पत्र कराए जाएंगे उपलब्ध

**रायगढ़।** जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा एक नई पहल की गई है। रायगढ़ जिले की सभी 10 तहसीलों. रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, मुकडेगा, धरमजयगढ़, कापू और छाल के लिए यह योजना लागू की गई है। जिले के अंतर्गत आने वाले तहसीलों एवं ग्राम पंचायतों को अब सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र एवं आय निवास प्रमाण पत्र सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए जाएंगे।


### 4 वर्षीय ऋत्वी ने कथक में सुर, ताल और लय का दिखाया अद्भुत संगम




**रायगढ़।** चक्रधर समारोह के छठवें दिन मंच पर ऐसी प्रस्तुति हुई जिसने दर्शकों के हृदय को गहराई तक छू लिया। महज चार वर्ष की नन्हीं बालिका ऋत्वी अग्रवाल ने अपने कथक नृत्य से सुर, ताल और लय का ऐसा अद्भुत संगम प्रस्तुत किया कि पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। ऋत्वी इस वर्ष के समारोह की सबसे कम उम्र की प्रतिभागी हैं। महज तीन वर्ष की उम्र से ही वे रायगढ़ की प्रख्यात नृत्य प्रशिक्षिका तब्बू परवीन से कथक की विधिवत शिक्षा ले रही हैं। छोटी.सी उम्र में ही उनकी ऊर्जावान अभिव्यक्तिए सधी हुई भाव.भंगिमाएं और आत्मविश्वास से भरा मंचन उन्हें विशेष बनाता है। ऋत्वी को अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

# कलेक्टर कोर्ट में एसी का कंप्रेशर फटने से लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सोमवार की सुबह कलेक्टर कोर्ट में एसी का कंप्रेशर फटने से अचानक आग लग गई। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में होमगार्ड के फायर बिग्रेड को मौके पर बुलाया गया, जहां कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दरअसल हर दिन की तरह सोमवार को भी कलेक्टोरेट में चहल-पहल लगी हुई थी। यहां के कर्मचारी अपने काम पर लगे थे। सुबह करीब 10.30 बजे अचानक कलेक्टर कोर्ट में लगे एक एसी का कंप्रेशर फट गया और धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग लग गई और पूरा कमरा धुएं से भर गया। इसके बाद मौके पर हडकंप मच गया और तत्काल मामले की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस आगजनी की इस घटना में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ, अगर आग की लपटें बढ़ती तो शायद वहां रखे फाइल व आलमारी भी इसकी चपेट में आ जाते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

**खास बात**
- होमगार्ड के फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

### धुआं भगाने जुटे रहे कर्मचारी

इधर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी अपने चेंबर में जनदर्शन में बैठे थे और बगल के कोर्ट में पूरा धुआं भरा हुआ था जोकि बाहर तक आ रहा था। ऐसे में कर्मचारी दोपहर तक कमरे से धुआं भगाने का काम करते नजर आए।

# सलियाघाट पुल जर्जर, हादसे का अंदेशा



**सरसींवा।** भटगांव क्षेत्र के सलियाघाट पुल की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक हो गई है। पुल की सतह जगह-जगह से टूटकर बड़े-बड़े गड्ढों में बदल चुकी है। वहीं, पुल में लगे लोहे के सरिए बाहर निकल आए हैं, जिससे राहगीर और वाहन चालक हर पल हादसे का शिकार बनने की आशंका के बीच गुजरने को मजबूर हैं।

- पुल के बड़े बड़े गड्ढे बन रहे परेशानी के सबब

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर निकल रहे सरियों में आए दिन वाहन चालक और राहगीर फंस जाते हैं। गड्ढों के कारण साइकिल, मोटरसाइकिल और पैदल चलने वाले लोग अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। रोजाना इस पुल से सैकड़ों की संख्या में वाहन गुजरते हैं, ऐसे में किसी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने बताया कि पुल का निर्माण वर्षों पहले हुआ था, लेकिन आज तक इसकी ठीक से मरम्मत नहीं की गई। साल में एक-दो बार हल्की-फुल्की मरम्मत कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में सीमेंट उखड़ने लगता है और स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है। पुल की जर्जर हालत से परेशान जनता अब प्रशासन और विभाग से सख्त नाराज है। लोगों ने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। आमजन की साफ मांग है कि सलियाघाट पुल की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों को राहत मिल सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि शासन और प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेता है और राहत के लिए कदम उठाता है।

### पुल से टकरा कर बाइक सवार की मौत

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडिकल कॉलेज रोड में सोमवार की दोपहर पुल से टकरा जाने से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। दरअसल रायगढ़-एकताल मार्ग में सोमवार की दोपहर 3 बजे के आसपास ओडिसा के झारसुगड़ा जिला के अंतर्गत आने वाले ग्राम डेहरीडीपा निवासी बलराम डहरिया (18) रायगढ़ की तरफ से अपनी बाइक में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह बंजारी मंदिर के आगे पहुंचा ही था कि वह अपने बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और पुल से जा टकराया। इस दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**नाराज कलाकारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, लगाया भेदभाव का आरोप**

# चक्रधर समारोह में स्थानीय कलाकारों की अनदेखी



**रायगढ़।** चक्रधर समारोह 2025 में स्थानीय कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव और उपेक्षा के विरोध में रायगढ़ के पंजीकृत कलाकारों ने सोमवार को सामूहिक रूप से जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा।

कलाकारों का आरोप है कि आयोजन समिति ने बाहर से बुलाए गए कलाकारों को पारिश्रमिक, आवास और भोजन की संपूर्ण व्यवस्था दी गयी है, जबकि स्थानीय कलाकारों को न तो भुगतान किया गया और ना ही उन्हें मंच पर उचित अवसर दिया गया। स्थानीय कलाकारों को केवल शाम 5 से 6 बजे के बीच प्रस्तुति की बाध्यता तय की गई। इतना ही नहीं, समाचार पत्रों और ब्रोशर में भी उनके नाम शामिल नहीं किए गए। कलाकारों ने इसे रायगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और स्थानीय प्रतिभाओं का अपमान बताते हुए गहरी नाराज़गी जताई। उनका कहना है कि राज्योत्सव जैसे बड़े आयोजनों में स्थानीय कलाकारों को सम्मान और उचित पारिश्रमिक दिया जाता है। लेकिन चक्रधर समारोह जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान वाले आयोजन में ही उन्हें हाशिए पर रखा जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भेदभाव से आहत होकर कई कलाकारों ने अपने निर्धारित कार्यक्रम भी रद्द कर दिए। उन्होंने मांग की है कि भविष्य में किसी भी आयोजन में स्थानीय कलाकारों के साथ समान व्यवहार किया जाए और उन्हें भी बाहरी कलाकारों की तरह उचित पारिश्रमिक और सम्मान मिले।

**जिला प्रशासन द्वारा की गई आवासीय व्यवस्था**

# अखाड़े में देशभर के पहलवान दांव-पेंच दिखाएंगे आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक आयोजन चक्रधर समारोह का 40वां संस्करण 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक रायगढ़ में बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है। इस गौरवशाली आयोजन का संचालन जिला प्रशासन एवं जन सहयोग से किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं सदस्य, कुश्ती प्रतियोगिता, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह अंतर्गत अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय जिला स्तरीय शामिल पुरूष कुश्ती खेल प्रतियोगिता मोती महल प्रांगण, रायगढ़ में 2 एवं 3 सितम्बर 2025 को पुरानी पद्धति से मिट्टी में आयोजित होगी। कुश्ती खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन 2 सितम्बर को प्रातः 10 बजे मोती महल प्रांगण में होगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे तक प्रतियोगिता आयोजित होगी। दोपहर भोजन पश्चात पुनः सायं 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी तरह 3 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक कुश्ती खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। दोपहर भोजन पश्चात पुनः अपरान्ह 3 बजे से खेल के समापन तक प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### पहलवानों एवं कोच के लिए आवासीय प्रबंध

कुश्ती खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले पहलवानों हेतु आवास का प्रबंध उत्सव मैरिज गॉर्डन इन्दिरा बिहार के पास रायगढ़ तथा प्रबंधक, ईडन गॉर्डन बोईरदादर रायगढ़ में किया गया है। साथ ही उनके कोच मैनेजर के लिए आवास का प्रबंध हॉटल श्रृंगार गोपी टॉकीज के सामने रायगढ़ में व्यवस्था की गई है।

### देशभर से नामचीन पहलवान होंगे शामिल

कुश्ती खेल प्रतियोगिता में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, नागालैण्ड, उड़िसा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्य के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सम्मिलित होंगे।

# दोस्तों के साथ खेलने गया बालक नाले में बहा, दूसरे दिन मिली लाश

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की सुबह दोस्तों के साथ घूमने गया बालक नाले में बह गया। दूसरे दिन सोमवार को डीडीआरएफ की टीम ने बालक के शव को ढूंढ निकाला है। पुलिस ने इस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। ग्राम पाराघाटी का रहने वाला सूरज गोड (14) रविवार की सुबह अपने तीन दोस्तों के साथ खेलने के लिए भेरारीनाला की तरफ गया हुआ था।



इस दौरान अचानक वह नाले के तेज बहाव में बह गया। इस घटना की जानकारी परिजनों ने कापू थाने में दी, इसके बाद उसी दिन दोपहर से पानी में डूबे बालक की खोजबीन की जा रही थी। इस घटना के बाद जहां पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई थी वहीं घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई थी। शाम को अंधेरा होनें की वजह से रेस्क्यू बंद कर दिया गया था। वहीं सोमवार की सुबह से ही डीडीआरएफ की टीम नाले में बहे बालक की पतासाजी में जुटी थी। इसी दौरान दोपहर करीब 1 बजे के आसपास झाड़ियों में सूरज की लाश बरामद हुई है।

## खबर संक्षेप

### कुंजेमुरा में देवेश की भजन संध्या आज




**तमनार।** सार्वजनिक गणेश पूजन समारोह के अवसर में तमनार ब्लाक के कुंजेमुरा गांव में 2 सितंबर दिन मंगलवार को रात 9 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जस गीत सम्राट देवेश शर्मा शिरकत करेंगे देवेश शर्मा के प्रसिद्ध गाना मोर पथरा के देवता, नदिया में रोए दाई लईका, नाचे जो बब्बर शेर जैसे जस गीत, लाइव देखने का मौका मिलेगा। कुंजेमुरा ग्राम वासियों ने अधिक से अधिक संख्या में जस गीत प्रेमियों को आमंत्रित किया है, जिससे जस गीत और भजन प्रेमी कार्यक्रम का आनंद उठा सकें, भजन संध्या का कार्यक्रम कुंजेमुरा गांव के प्राथमिक शाला स्कूल, पंचायत भवन परिसर में होगा।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधित मामले, साफ- सफाई, रोजगार सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

### जिले में अब तक 8680.1 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 8680.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 01 सितम्बर तक की स्थिति में 8413.1 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 42.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1001.2 मिमी, मनोरा में 1064.6 मिमी, कुनकुरी में 1228.3 मिमी, दुलदुला में 547.4 मिमी, फरसाबहार में 696.8 मिमी, बगीचा में 957.0 मिमी, कांसाबेल में 805.0 मिमी, पत्थलगांव में 760.1 मिमी, सन्ना में 1001.6 मिमी एवं बागबहार में 618.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम ढोढरअम्बा, निवासी स्व.रतनी बाई का कुआं के पानी में डूबने से 05 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति सुखनाथ राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### पुलिस ने चलाया कॉम्बिंग गस्त , पकड़े 8 वारंटी

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बीती रात कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाया। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम ने रात 12 बजे से 5 बजे भोर तक 4 संदेहियो, 66 गुंडा बदमाश, 37 निगरानी बदमाश, जिला बदर की औचक चेकिंग कर गुजर बसर चेक किया गया। इस दौरान उन्हें कड़ी हिदायत दी गई। पूर्व मे संपत्ति सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों एवं ज़मानत से छूटे हुए पूर्व के कुल 17 आरोपियों की भी चेकिंग कर अपराध की पुनरावृति करने वाले आरोपियों कों गुंडा बदमाश की सूची मे लाये जाने एवं उक्त बदमाशों पर बॉन्ड ओवर की कार्रवाई किए जाने की सख्त हिदायत दी।

# बांध के ऊपर से बह रहा पानी, नीचे सड़क टूटी, आवाजाही बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

भारी बरसात होने पर घरजियाबथान डेम पूरी तरह लबालब भर चुका है। पूरा पानी भरने के बाद ऊपर से बह रहे पानी के तेज रफ्तार ने डेम के नीचे आने जाने बनी प्रधानमंत्री ग्राम सडक को तोड़ कर रख दिया है। लगातार पानी बहने के कारण आवाजाही बाधित हो गया है। पैदल और मोटरसाइकिल को छोड़ अन्य कोई भी वाहन सडक से पार नहीं हो पा रहा है। पानी के भारी रफ्तार से सड़क क्षतिग्रस्त हो चुका है।

■ घरजियाबथान डेम लबालब

हाल फिलहाल में चार पहिया वाहन वहां से किसी भी हालत में पार नही हो सकता। लोगों ने बताया कि बीते 15 से 20 दिनों से यही हालत निर्मित है । जिसके चलते यहां से आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है चार पहिया वाहन तो पार हो ही नही सकते पैदल चलने वाले और मोटरसाइकिल वाले लोग थोड़ा रिक्स लेकर इधर से उधर जा पा रहे है। पत्थलगांव सिंचाई विभाग के अधिकारी बह रहे पानी को सडक से कुछ दूर रास्ता बनाते तो कुछ बात बन सकती थी पर पत्थलगांव सिंचाई विभाग के अधिकारि कर्मचारियों के सुस्ती का ही नतीजा है कि हाल के 3 हफ्तों से घरजिया बथान से आने जाने सड़क रास्ता बंद हो चुका है। प्रशासन को इस तरफ ध्यान देकर पानी के बहाव को आगे से लेजाकर निकलने की कोशिश करने की आवश्यकता है। जिससे सड़क आवाजाही चलता रहा सके।घरजियाबथान के उपसरपंच पवित्र मोहन बेहरा ने बताया कि डेम से जा रहे पानी से आवाजाही के लिए बनी सडक टूट चुकी है जहां से आने जाने में काफी दिक्कत है।



जान जोखिम में डालकर सड़क पार करते राहगीर।

चार पहिया वाहन तो पार होने की हालत में नही है सडक में बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है जिसमे वाहन फंस सकते है। हमने अनेक बार वहां पर बेरिकेडिंग कर आने जाने से लोगो को सुरक्षा कारणों से मना करने की कोशिश की गई पर लोग नहीं मानते हैं। अब इस हालत में अगर किसी तरह की कोई दुर्घटना होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। ऋषि बेहरा ने सडक की आवाजाही बन्द होने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से नाराज दिखे उन्होंने कहा कि ग्रामीणों इलाको में आने जाने के मुख्य सड़क ही जब बन्द हो जाये तो ग्रामीण क्या करे डेम से बह रहे पानी से सडक उखड़ चुका है गड्ढे ही चुके है। जिससे पार होना खतरे से खाली नही है। प्रशासन को ध्यान देकर कोई ब्यवस्था बनाना चाहिए जिससे आवाजाही सुचारू रूप से चलता रहे।

### टिंबर कॉलोनी के युवकों ने किया घातक वार

# पटना खटाल में खूनी हमला, तनाव की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राउरकेला

शहर के गोपबंधु पाली स्थित पटना खटाल में शनिवार रात हुई हिंसक वारदात ने इलाके में तनाव का माहौल खड़ा कर दिया। जानकारी के अनुसार टिंबर कॉलोनी के कुछ युवक आधी रात करीब 12 बजे खटाल में घुस गए और यहां के युवकों पर अचानक हमला बोल दिया। हमला सुनियोजित बताया जा रहा है, जिसमें स्थानीय युवक शिवम को टारगेट बनाकर चापड़ से वार किया गया।

हमलावरों ने गले पर वार करने की कोशिश की। लेकिन वार चूककर शिवम के हाथ और कंधे पर जा लगा। इस दौरान उसका हाथ बुरी तरह कटकर लटक गया। घटना के बाद खटाल में अफरा-तफरी मच गई और हमलावर मौके से फरार हो गए। शिवम को गंभीर हालत में तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन साल से पटना खटाल और टिंबर कॉलोनी के युवकों के बीच दुश्मनी चली आ रही है। दोनों पक्षों में कई बार झड़पें और हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं। गणेश उत्सव के दौरान इस बार फिर से तनाव चरम पर पहुंच गया और हमले के रूप में सामने आया।



### पुलिस ने की कार्रवाई

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात पर काबू पाया। पुलिस ने संदेह के आधार पर टिंबर कॉलोनी के करीब आधा दर्जन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने नगर पंचायत सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**सरिया।** आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने सोमवार को दोपहर 1 बजे नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने सीएमओ को कहा कि तीन दिवस के भीतर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों के द्वारा नगर पंचायत सरिया क्षेत्र के आवारा पशुओं को नगर पंचायत परिसर में लाकर रखा जाएगा।

नगर पंचायत सरिया में आवारा मवेशियों को लेकर किसान संघ सरिया के द्वारा बार बार मौखिक एवं लिखित आवेदन देने के बाद भी नगर पंचायत प्रशासन की उदासीन रवैया से त्रस्त किसानों ने सोमवार को किसान संघ अध्यक्ष मोहन पटेल के नेतृत्व में सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि आए दिन आवारा पशुओं की संख्या कम होने की वजह लगातार बढ़ रही है। जिससे किसान अच्छे खासे परेशान हैं। नगर पंचायत प्रशासन भी इस पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा रही है। अगर यूं ही चलता रहा तोए यह आवारा पशु किसानों की खेती को बर्बाद कर देंगे। किसान संघ अध्यक्ष मोहन पटेल ने कहा कि आवारा पशु जिस भी खेत से गुजर जाते हैं उस खेत को चट कर जाते हैं।



### किसानों की समस्या का किया जाएगा समाधान

आवारा पशुओं को लेकर किसान संघ के द्वारा नगर पंचायत में ज्ञापन दिया गया है। किसानों की समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा

-लालसिंह मरकाम
सीएमओ न पं सरिया

# नाली की सफाई और निर्माण के लिए लगाई गुहार



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर की लापरवाही के चलते बोरोडिपा चौक से कोसमंदा रोड किनारे बने घरों में इन दिनों बरसाती पानी भरने की समस्या गहराती जा रही है। सड़क निर्माण के बाद से कई घर रोड के नीचे आ गए हैं, जिससे सामान्य बारिश में भी पानी सीधे घरों के अंदर पहुंच रहा है।

■ बोरोडिपा चौक के घरों में घुस रहा बरसाती पानी

स्थानीय रहवासी मनोज राजभर सहित कई लोगों ने बताया कि वर्ष 2014 में घरों के सामने नाली तो बनाई गई थी, लेकिन उसकी सफाई आज तक नहीं हुई। नाली जाम होने के कारण सड़क का पानी अब सीधे घरों में घुस रहा है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत को कई बार आवेदन दिया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जानकारी के अनुसार प्रभावित परिवारों ने एक बार कलेक्टर के समक्ष और कई बार नगर पंचायत पुसौर में आवेदन देकर समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित मनोज राजभर ने सोशल मीडिया ग्रुप जनजागरण मंच में लगातार अपनी परेशानी साझा की है। उन्होंने बताया कि पानी जमा होने से डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों का खतरा बढ़ गया है। इलाके के लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि त्वरित कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में बीमारियों का प्रकोप फैल सकता है।

# पुलिस ने दो गुम बच्चियों को ढूंढकर परिजन के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान"के तहत पुलिस ने दो गुम बच्चियों को सकुशल ढूंढ कर उनके परिजनों को सौंपा। पुलिस की इस तत्परता और सतर्कता से दो परिवारों के चेहरे पर खुशी लौट आई।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बगीचा क्षेत्र के ग्राम निवासी ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 28 अगस्त की शाम से लापता है। आस-पड़ोस और रिश्तेदारों से जानकारी जुटाने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस की टेक्निकल टीम की मदद से पता चला कि बच्ची अंबिकापुर के गंगानगर क्षेत्र में है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी ने किया शारीरिक शोषण

इस दौरान उसने नाबालिग का शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को थाना दुलदुला क्षेत्र के जंगल से बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 62 (2) (एम), 87 और पॉस्को एक्ट की धारा 4,6 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सकुशल बरामद, नहीं हुई कोई अप्रिय घटना

पुलिस ने तुरंत टीम भेजकर बच्ची को सकुशल बरामद किया और परिजनों के सुपुर्द किया। बच्ची ने बताया कि वह काम की तलाश में घर से चली गई थी। उसके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

### आरोपी के कब्जे से बरामद नाबालिग

29 अगस्त को थाना कुनकुरी में एक 17 वर्षीय नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई। परिजनों ने बताया कि लड़की गणेश पूजा आरती के लिए जा रही थी, लेकिन घर वापस नहीं आई।पुलिस की जांच में पता चला कि नाबालिग को जगतपाल साय (26 वर्ष) ने बहला-फुसलाकर भगा लिया था। आरोपी ने कहा कि वह उससे प्यार करता है और शादी करेगा।

# शिक्षा कार्यालयों का अधिकारियों ने किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले में शिक्षा विभाग के क्रियाकलापों को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार विभाग के कार्यालयों एवं स्कूलों की आकस्मिक निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें एसडीएम नंदजी पाण्डेय के द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कुनकुरी का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं एसडीएम बगीचा प्रदीप राठिया ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बगीचा का निरीक्षण किया गया। कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव का एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन एवं नायब तहसीलदार भीष्म पटेल ने निरीक्षण किया। कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी फरसाबहार का औचक निरीक्षण एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह एवं नायब तहसीलदार सुशील सेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीएम फरसाबहार ने पाठ्यक्रम आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण में शामिल होकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल लगातार पंद्रहवें दिन जारी

**जशपुरनगर।** एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का पंद्रहवा दिन है। एनएचएम कर्मचारियों का कहना है कि शासन स्तर से अभी तक कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों संविलयन, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, पब्लिक हेल्थ कैडर, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, स्वास्थ्य बीमा, अवकाश सुविधा, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति, नियमित पद में आरक्षण के संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं की गयी है। जब तक शासन हमारी मांगो को नहीं मानता तब तक हमारी हड़ताल जारी रहेगा।



### मानव श्रृंखला बनाकर एकता का दिया संदेश

एनएचएम जिला जशपुर के लगभग 840 कर्मचारियों ने संघ के प्रति अपने समर्पण और एकता का परिचय देते हुए अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरनास्थल से जिला चिकित्सालय व कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तक मानव श्रृंखला बना प्रदर्शन किया। जिसमें कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों की तख्तियां लेकर शासन को अपनी एकता दिखाई।

### फूल नहीं चिंगारी है, छत्तीसगढ़ की नारी है, जैसे नारे लगाते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने आमसभा का किया अयोजन

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता- सहायिकाओं ने लाल साड़ी पहनकर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जीने लायक वेतन की मांग और पदाधिकारियों पर हो रही बर्खास्तगी की कार्यवाही को वापसे लेने सहित 8 सूत्रीय अन्य प्रमुख मांगें को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने रणजीता स्टेडियम चौक में हड़ताल के दौरान विशाल आमसभा का आयोजन किया।जिसमें कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने जमकर हल्ला बोल करते हुए सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने का आग्रह किया।यहां अनोखे हड़ताल की गूंज समूचे प्रदेश में सुनाई दी,अभी तक के इतिहास में पहला ऐसा हड़ताल रहा है जिसमें सरकार और शासन प्रशासन के खिलाफ कोई भी न तो नारेबाजी किया गया और न ही खिलाफ में कुछ भाषण दिया गया।



धरना प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं।

**सभी आंगनबाड़ी में लगा तला:** 1 सितम्बर को प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रो मे ताला लटका हुआ है,जीने लायक वेतन देने और पदाधिकारियो पर हो रही बर्खास्तगी की कार्यवाही को वापसे लेने की मांग संघ ने प्रमुखता से रखी है। संघ की 8 सूत्रीय लंबित मांग है जिसे कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### 8 हजार से ज्यादा ने निकाली रैली

आमसभा के समापन के बाद दोपहर 2 बजे कार्यक्रम स्थल रणजीता स्टेडियम चौक से रैली बस स्टैंड होते हुए कलेक्ट्रेड कार्यालय के लिए निकली,जहां मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। लगभग 8 हजार से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने जिला मुख्यालय में रैली निकाला मांगों के समर्थन में नारा लगाया गया।यह रैली रणजीता स्टेडियम से निकलते हुए महाराजा चौक बस स्टैंड बाजार डांड विवेकानंद कालोनी और दरबारी टोली होये हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची।जहां कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू को संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

### कराया शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण

कार्यकारी प्रांताध्यक्ष और जिलाध्यक्ष श्रीमती कविता यादव ने बताया कि अपने मांगों के समर्थन में शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। शांतिपूर्ण तरीके से भारी संख्या में कार्यकर्ताएं और सहायिकाएं अपनी लंबित मांगों के समर्थन में कलेक्टर के माध्यम से 8 सूत्रीय मांगों को लेकर पीएम और सीएम के नाम ज्ञापन सौंपने यहां एकत्रित हुई है।

### शुरू की गई सराहनीय पहल

संयुक्त मंच के 6 कार्यकर्ताओं की संघ के कार्यों में सक्रिय रहने के कारण उनके खिलाफ कार्यवाही की गई है। ऐसे पीड़ित कार्यकर्ताओं को जब तक न्याय नहीं मिल जाता और उनकी नौकरी उन्हें वापस नहीं मिल जाता तब तक संघ ने उनका चूल्हा चौकी का खर्च उठाने का बीड़ा उठाया है। श्रीमती कविता यादव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि संघ के कार्यों में सक्रियता और संलिप्तता के कारण यदि किसी भी कार्यकर्ता और सहायिका पर कार्यवाही होता है तो संघ उनका आर्थिक मदद करते हुए 10 हजार रुपए प्रतिमाह उन्हें खर्च देगा और यह खर्च तब तक संघ के द्वारा उठाया जायेगा जब तक कि पीड़ित कार्यकर्ता या सहायिका को न्याय न मिल जाए। सराहनीय कदम का सभी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के द्वारा सराहना करते हुए स्वेच्छानुसाद सहयोग राशि जमा किया गया।



# शाहिद कपूर की फिल्म में दिखेगी लैला-मजनू की जोड़ी

**नई दिल्ली।** देवा के बाद एक बार फिर शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। इस बार वह विशाल भारद्वाज की मूवी में दिखाई देंगे। वह विशाल के साथ 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और डायरेक्टर के साथ सेट से पहली झलक दिखाई है। शाहिद कपूर की इस आगामी फिल्म में लैला मजनू स्टार्स तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी भी अहम भूमिका में हैं। इस बारे में एक्टर ने कहा, यह पोस्ट शानदार कास्ट तृप्ति डिमरी को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता, जिनके साथ मुझे बहुत मजा आया। इसमें उनका अभिनय देखना।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## दो लोगों के बीच होते हैं लड़ाई-झगड़े

जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर उनके सपनों के बारे में डिस्कस करती रहती हैं। अब जाह्नवी ने कपिल शर्मा के शो में बताया कि वह 3 बच्चे चाहती हैं और उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। जाह्नवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी हाल ही में रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दोनों फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में दोनों कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंचे और इस दौरान जाह्नवी ने बताया कि उन्हें 3 बच्चे चाहिए और वह साउथ में सेटल होना चाहती हैं। कपिल ने उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी तो जानें उन्होंने क्या कहा। जाह्नवी ने कहा, 'मुझे लगता है अच्छा होता है 3, पहले तो मेरे लिए लकी नंबर है और दूसरी बात है कि लड़ाई-झगड़े हमेशा 2 लोगों के बीच होते हैं। ऐसी सिचुएशन में एक का सपोर्ट जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वो डबल ढ़ोलकी होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा। मैंने बहुत सोच समझकर ये प्लानिंग की है।'

जाह्नवी की इस बात को सुनकर ना सिर्फ कपिल बल्कि सिद्धार्थ और बाकी दर्शक भी हंसने लगे। बता दें कि इससे पहले जाह्नवी ने कोमल नहाटा के शो में कहा था, 'मैं शादी करके तिरुमला तिरुपति में पति और बच्चों के साथ सेटल होना चाहती हूं। हम केले के पत्तों पर हर दिन खाना खाएंगे और गोविंदा-गोविंदा सुनेंगे। मेरे बालों में मोगरा होंगे और मैं मणिरत्नम के म्यूजिक को सुनूंगी। मैं अपने पति के तेल चम्पी करूंगी।'

हॉलीवुड मसाला



# किसी भी चीज में राय बहुत आसान

**नई दिल्ली।** एम्मा हेमिंग विलिस ने हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रूस विलिस के साथ अपनी शादी में लिए गए अब तक के सबसे कठिन फैसलों में से एक के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'किसी भी चीज में राय देना बहुत आसान होता है, क्योंकि कोई कोई आपके घर में नहीं होता, किसी को नहीं पता कि आपका पार्टनर कैसा व्यवहार कर रहा है और आपके घर में क्या चल रहा है। सच्चाई यह है कि राय बहुत जोरदार और शोरगुल वाली होती हैं।



# वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर छोड़ना पड़ा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने वीजा को लेकर नियम काफी सख्त कर दिए हैं और इस सख्त फैसले से दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम भी खुद को नहीं बचा पाए। दरअसल, लास वेगास में वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टिकटॉक स्टार को अमेरिका छोड़ना पड़ा था। इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने पुष्टि की है कि सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम, जिनका पूरा नाम सेरिंगे खाबाने लेम है, उन्हें शुक्रवार को हैरी रीड इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर हिरासम में लिया गया था। खाबी लेम 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे, लेकिन उन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है।



# बुद्धि और शांति हमेशा सही रहे : ईशा


**मुंबई।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर इस त्योहार की अहमियत के बारे में बताया। गणपति बप्पा हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। वो हमारे ईष्ट देवता हैं। बचपन से ही मैं गणेश चतुर्थी मना रही हूं। जब से मैं पैदा हुई हूं, तब से ही घर पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मैं हमेशा बप्पा से यही प्रार्थना करती हूं कि मेरी बुद्धि सही रहे। विनाश काल विपरीत बुद्धि ये लाइन मैं हमेशा याद रखती हूं। पैसे तो इंसान कभी भी कमा सकता है, अगर खत्म भी हो जाए तो दोबारा कमा सकता है। नाम और शोहरत भी आती-जाती रहती है। लेकिन, अगर बुद्धि सही हो और मन में शांति हो, तो जीवन अच्छा चलता है। गणपति बप्पा का नाम, उनकी उपस्थिति और उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे दिल, दिमाग और आत्मा में रहे, यही मेरी सदैव प्रार्थना है।




# ओटीटी पर रिलीज हुई हॉरर फिल्म द डोर

**नई दिल्ली।** द डोर एक तमिल हॉरर थ्रिलर है जो ओटीटी पर दस्तक देने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बड़े पर्दे पर 28 मार्च को आई थी और अब करीब 5 महीने बाद इसने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। जयदेव के निर्देशन में बनी द डोर को दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था, लेकिन इसके ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था जो आखिरकार खत्म हुआ। भावना, कपिल वेलावन, गणेश वेंकटरमन, श्रीरंजिनी और जयप्रकाश जैसे कलाकारों से सजी द डोर को अगर आपने अभी तक नहीं देखी है तो कोई बात नहीं,क्योंकि अब यह ओटीटी पर आ गई है। डोर एक सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर हॉरर मूवी है।

टीवी मसाला



# तान्या मित्तल को किया टारगेट लगाए आरोप, हुईं इमोशनल

**नई दिल्ली।** पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने शुरुआती हफ्ते में ही काफी रोमांचक हो गया है। आए दिन कंटेस्टेंट के बीच गहमागहमी बढ़ती जा रही है। अब शो ने एक प्रोमो लॉन्च किया है, जिसमें प्रतियोगी तान्या मित्तल पर भड़कते नजर आ रहे हैं और उनपर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। आइए देखें कंटेस्टेंट्स ने क्या कहा। नए प्रोमो में बिग बॉस 19 के होस्ट सलमान खान ने कंटेस्टेंट से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अशनूर कौर और तान्या मित्तल में कौन अपने आप को सबसे ज्यादा सुपीरियर बताता है। इसके जवाब में प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि तान्या मित्तल अपने आप को ज्यादा बेहतर समझती हैं। वहीं यूट्यूबर कुनिका सदानंद ने कहा कि तान्या मित्तल को लगता है कि वो बहुत संघर्ष करके यहां तक पहुंची हैं। ज्यादातर कंटेस्टेंट तान्या मित्तल को टारगेट करते दिख रहे हैं। शनिवार को वीकएंड का वार देखने को मिला, जिसमें किसी को एलिमिनेट तो नहीं किया गया, लेकिन गौरव खन्ना के रिश्ते अशनूर और कुनिका से खराब होते हुए दिखे। सलमान खान के जाने के बाद अशनूर और गौरव के बीच बहस देखने को मिली। अब आज रविवार का दिन काफी रोमांचक हो सकता है। सलमान खान रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को होस्ट कर रहे हैं। प्रतियोगियों की बात करें, तो इनमें अश्नूर कौर, जीशान कादरी, तान्या मित्तल, नगमा मिराजकर, अवेज दरबार, नेहल चुडासमा, अभिषेक बजाज, बसीर अली, गौरव खन्ना, नतालिया जानोसजेक, प्रणित मोरे, फरहाना भट्ट, नीलम गिरी, कुनिका सुदानंद, अमाल मलिक और मृदुल तिवारी जैसे नाम शामिल हैं।

## इंडस्ट्री के बड़े लोग क्रू मेंबर्स का करते हैं अपमान

**नई दिल्ली।** टीवीएफ स्टार नवीन कस्तूरिया ने बॉलीवुड को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से इंडस्ट्री के सीनियर लोग क्रू मेंबर्स और बाकी लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। हाल ही में जियो



हॉटस्टार की सीरीज सलाकार में नजर आए अभिनेता नवीन कस्तूरिया अब ओटीटी की दुनिया का एक जाना-पहचाना नाम हैं। इस दौरान नवीन ने कई बॉलीवुड स्टार्स और सीनियर लोगों के साथ भी काम किया है और उन्हें सेट पर देखा है। अब नवीन ने इंडस्ट्री में बड़े पदों पर बैठे कुछ सीनियर लोगों के बारे में बात की और बताया कि किस तरह से ये सीनियर लोग सेट पर क्रू मेंबर्स के साथ व्यवहार करते हैं। नवीन ने बॉलीवुड में हेरारिकी को लेकर महत्व दिए जाने पर बात की। उन्होंने कहा, कभी-कभी फिल्म सेट पर इंडस्ट्री में बहुत ऊंचे पद पर बैठा व्यक्ति क्रू मेंबर्स से बहुत अपमानजनक तरीके से बात करता है। मुझे लगता है कि भारत में यह एक समस्या है। कई बार अगर आप मुंबई में देखें, तो जब आप किसी सोसाइटी में जाते हैं तो गार्ड खड़ा हो जाता है। यह कैसी संस्कृति है?

# इस एक्ट्रेस की ठीक वैसे ही हुई मौत जैसी आखिरी फिल्म में गई थी दिखाई

**मुंबई।** यह एक्ट्रेस साउथ फिल्मों की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शुमार थी। बहुत ही कम उम्र में इसने अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली थी। सिर्फ छह साल के करियर में इसने 25 फिल्में कर ली थीं और इसे साउथ की अगली सुपरस्टार माना जा रहा था। मात्र 15 साल की उम्र में ही इस एक्ट्रेस ने नेशनल अवॉर्ड भी जीत लिया था और कई बड़े एक्टर्स-डायरेक्टर्स संग काम किया...पर किसी ने सोचा भी नहीं था कि जरा सी उम्र में इसकी मौत हो जाएगी। करियर से लेकर निजी जिंदगी के लिए हसीन सपने देखने वाली इस एक्ट्रेस की 21 साल की उम्र में बेहद दर्दनाक मौत हुई। बताया जाता है कि मौत वैसी थी, जैसी इस एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म में दिखाई गई थी। इस एक्ट्रेस ने 14 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया था। इसका मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम था। इसकी मां जानी-मानी डांसर श्रीदेवी उन्नी हैं, जो मोहिनीअट्टम डांस में पारंगत हैं और मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस भी हैं। वहीं पिता एक बिजनेसमैन रहे हैं।

### 15 की उम्र में नेशनल अवॉर्ड

जिस एक्ट्रेस की यहां बात हो रही है, उसका नाम है मोनिशा उन्नी। मोनिशा ने जहां 5 साल की उम्र से डांस सीखना शुरू कर दिया था, वहीं 14 साल की उम्र में शॉर्ट फिल्म 'भव्या' में काम किया था। इस फिल्म में मोनिशा की एक्टिंग देख डायरेक्टर एम.टी. वासुदेवन नायर ने उन्हें अपनी क्लासिक फिल्म 'नक्काक्षथंगल' में साइन कर लिया। इस फिल्म के लिए मोनिशा को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। तब वह सिर्फ 15 साल की थीं और नेशनल अवॉर्ड पाने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बनीं।

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में बड़े डायरेक्टर्स संग काम

इसके बाद मोनिशा उन्नी ने बैक-टू-बैक कई फिल्में कीं, जो हिट रहीं। उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। प्रियदर्शन से लेकर हरिहरन और कमल तक, कई बड़े डायरेक्टर्स ने मोनिशा उन्नी को अपनी फिल्मों में लिया। मोनिशा को आज भी आर्यन, अधिपन, कुरुप्पिन्टे कनक्कु पुस्ताकोम, पेरुमथाचन और कदावु जैसी फिल्मों के लिए याद



किया जाता है। मोनिशा ने तमिल सिनेमा में भी अपनी धाक जमा ली थी।

### अगली सुपरस्टार मानी जा रही थीं

मोनिशा उन्नी फीमेल सुपरस्टार बनने की राह पर निकल चुकी थीं। बहुत से मेकर्स उन्हें नई सुपरस्टार मानने भी लगे थे, पर उसी दौरान उन पर मौत ने झपट्टा मार दिया। साल 1992 में मोनिशा उन्नी की एक कार एक्सीडेंट में भयानक मौत हो गई। वह उस समय 22 साल की थीं। उस वक्त मोनिशा मलयालम फिल्म चेप्पादिविद्या में काम कर रही थीं। मोनिशा कार में मां के साथ थीं और वह केरल में बस से टकरा गई। बताया जाता है कि मोनिशा उन्नी कार में पिछली सीट पर सोई हुई थीं। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक्ट्रेस को मृत घोषित कर दिया। मोनिशा की मौत को लेकर जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली थी और भयावह थी, वो यह कि उनकी मौत वैसे ही हुई, जैसे उनकी एक फिल्म में दिखाया गया।

# एकता ने लाल बाग के राजा के किए दर्शन, टेका माथा, ली फोटो

**मुंबई।** लालबाग का राजा (लाल बागचा राजा) मुंबई का सबसे ज्यादा फेमस पब्लिक गणेश मंडल है। इन्हें 'मन्नतों का राजा' भी कहा जाता है। यहां फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने सेलेब्स, वीआईपी भी दर्शन करने आते हैं। पर आम जनता और वीआईपी-सेलेब्स के दर्शन में जमीन-आसमान का अंतर होता है। जहां आम जनता को एक सेकेंड भी रुककर बप्पा को निहारने का वक्त नहीं मिलता, ऊपर से ऐसा लगता कि धक्के मारकर वहां से हटाया जाता है, वहीं वीआईपी और सेलेब्स आराम से ना सिर्फ दर्शन करते हैं, बल्कि फोटो भी खिंचवाते हैं। वहां के पंडित-पुजारी भी उन्हें फूल-माला और प्रसाद भेंट में देते हैं। पहले भी वीआईपी कल्चर को लेकर सवाल उठे थे, अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो एकता कपूर का है। एक यूजर ने कहा, 'वाह, इसको धक्का नहीं मारा। पैसे का कमाल। भगवान के दर्शन में भेदभाव।' वीडियो में देख सकते हैं कि एक आम जनता के दर्शन की लाइन लगी है, जिसमें वहां पर मौजूद गाड्र्स लोगों को पलभर भी रुकने का समय नहीं देते हैं। ये भी कहा जाता है कि आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता है। दूसरी



तरफ एकता कपूर भी लाल बागचा राजा के दर्शन कर रही हैं, उनके लिए आम जनता को हटाकर साइड कर दिया जाता है। एकता आराम से दर्शन करती हैं। बप्पा के चरणों में अपने प्रोजेक्ट्स और सीडी भेंट करती हैं। आराम से उनकी फोटो खींचती हैं। वहां मौजूद लोग भी उनके साथ फोटोज खिंचवाते हैं। इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक ने लिखा, 'रिएलिटी जानने के बाद भी लोग वहां क्यों जाते हैं। प्लीज आपके मंदिर में जो गणपति घर पर हैं, उनकी पूजा करें। इतना ही काफी होगा।' दूसरे ने कहा, 'धंधा बना दिया है यार एकदम।' एक और ने लिखा, 'बायकॉट'। कुछ लोग मैनेजमेंट को 'बेशर्म' बोल रहे।

## कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी निभाई अहम भूमिका

# रामानंद सागर की धरोहर को प्रेम सागर ने बढ़ाया आगे

*मुंबई। 90 के दशक में कई शानदार सीरियल और मुख्यतः रामायण का निर्माण करने वाले डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन हो गया। प्रेम सागर ने भी मनोरंजन की दुनिया में शानदार काम किया था और अपने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाने का काम किया था। जब-जब बात रामायण की होती है, तो सबसे पहले रामानंद सागर की 'रामायण' ही याद आती है। वही रामायण, जिसकी हर शाम देश की गलियां सूनी हो जाती थीं। अब जब नितेश तिवारी अपनी फिल्म रामायण लेकर आ रहे हैं, तो सबकी नजर इस पर है। हाल ही में जब फिल्म का पहला टीजर रिलीज हुआ तो लोगों में इसकी चर्चा भी छिड़ी। जब इस टीजर पर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर से बात की थी तो उन्होंने बड़ी साफ और सधी हुई बात कही।*



### एफटीआईआई से की पढ़ाई

प्रेम सागर ने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रेम सागर एक वरिष्ठ निर्माता और जाने-माने फोटोग्राफर थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। उन्होंने शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से फोटोग्राफी और सिनेमैटोग्राफी की ट्रेनिंग ली, जिसने उनकी कला को निखारने का काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं के दृश्यों की बारीकियों पर काम किया। रामानंद सागर के पॉपुलर टीवी शो 'रामायण' के निर्माण में अनोखे योगदान के लिए भी उन्हें सबसे अधिक याद किया जाता था।

### मैं क्रिटिक नहीं रामभक्त हूं

प्रेम सागर ने खुद को न क्रिटिक बताया, न सिर्फ ऑडियंस। उन्होंने कहा, 'मैं रामभक्त हूं। अगर कोई राम का नाम ले रहा है, राम की बात फैला रहा है, तो उसे मेरा नमस्कार है। राम का प्रचार किसी भी रूप में हो, उसका स्वागत होना चाहिए।'

### अगर राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी कल्पना है

उनका मानना है कि आज की पीढ़ी ग्राफिक्स और विजुअल इफेक्ट्स से जुड़ती है, तो अगर राम का नाम इन नए रास्तों से युवाओं तक पहुंच रहा है, तो ये बुरा नहीं, अच्छा है। उन्होंने कहा, 'अगर किसी की कल्पना में राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी सोच है। हर कलाकार को अपनी बात कहने की आजादी होनी चाहिए। आखिर में जनता ही तय करती है कि क्या ठीक है और क्या नहीं।'

### हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है

प्रेम सागर ने कहा, 'हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है। अगर कोई डायरेक्टर अपनी सोच से रामायण बना रहा है, तो हमें उसे फौरन सही या गलत नहीं कहना चाहिए। हमें उसे एक कोशिश की तरह देखना चाहिए।

### फिल्मों में दिया योगदान

प्रेम सागर ने फिल्मों में भी अपनी टैलेंट को प्रदर्शित किया था। वो साल 1968 में आई आंखें फिल्म में इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट में थे, तो वहीं 1976 में रिलीज हुई चरस में बतौर सिनेमैटोग्राफर शामिल थे।

### टेलीविजन में भी अहम भूमिका

प्रेम सागर के पिता रामानंद सागर ने रामायण सीरियल बनाकर इतिहास रचा। प्रेम सागर ने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाया और वे सागर आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस का महत्वपूर्ण हिस्सा बने और उन्होंने जय गंगा मैया, अलिफ लैला, विष्णु पुराण, हनुमान, जय महालक्ष्मी जैसे धारावाहिकों में सिर्फ पर्दे के पीछे रहकर कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी अहम भूमिका निभाई।

### आदिपुरुष ने रावण को जिस तरह दिखाया, वो गलत था

हालांकि, इस दौरान प्रेम सागर का कहना था कि क्रिएटिव लिबर्टी का मतलब ये नहीं कि धार्मिक किरदारों की जड़ें ही हिला दी जाएं। आदिपुरुष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिपुरुष में रावण को जिस तरह दिखाया गया, वो ठीक नहीं था। रावण कोई मांस खाने वाला या चिल्लाने वाला राक्षस नहीं था। वो एक बड़ा विद्वान और शिवभक्त ब्राह्मण था। राम ने खुद उसे यज्ञ कराने के लिए बुलाया था। रामेश्वरम की पूजा उसी की मिसाल है। जब आप ऐसे महान पात्रों को गलत तरह से दिखाते हैं, तो जनता उसे नकार देती है। आदिपुरुष इसका उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### स्टेशन पर यात्री की मौत का मामला गहराया

**राउरकेला।** राउरकेला रेलवे स्टेशन पर यात्री प्रबोध घोष की मौत का मामला अब गंभीर रूप ले चुका है। प्रारंभिक सफाई में रेलवे प्रशासन ने दावा किया था कि यात्री को समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन अब यह दलील सवालों के घेरे में है। जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को साउथ बिहार एक्सप्रेस पकड़ने के दौरान प्रबोध घोष प्लेटफॉर्म संख्या दो पर अचानक गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अस्पताल को खबर दी गई, लेकिन सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हुआ कि ऑन ड्यूटी डॉक्टर प्रकाश कुमार (डीएमओ रेलवे) को स्टेशन तक पहुंचने में 30 मिनट से ज्यादा का समय लग गया। जबकि रेलवे अस्पताल स्टेशन से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आरोप है कि डॉक्टर मौके पर पहुंचने के बाद भी प्लेटफॉर्म नंबर दो की बजाय प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ही इंतजार करते रहे और गिरे हुए यात्री को समय पर अटेंड नहीं किया गया। इस लापरवाही को लेकर परिजन और यात्री संगठन बेहद नाराज हैं। मामले में एनसीपी अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने ट्विटर (एक्स) के माध्यम से रेलमंत्री और संबंधित विभाग को टैग करते हुए इस घटना की उच्च स्तरीय जांच, पीड़ित परिवार को उचित क्षतिपूर्ति और उद्घोषक की बर्खास्तगी की मांग की है। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआरएम ने डॉक्टर से स्पष्टीकरण मांगा है। फिलहाल जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पूरे मामले की रिपोर्ट जल्द ही रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी।

### राउरकेला में गणेश उत्सव का समापन

**राउरकेला।** शहर में जारी गणेश उत्सव के बीच पांच दिवसीय गणेश उत्सव का समापन रविवार 31 अगस्त को श्रद्धा और उल्लास के बीच हुआ। 27 अगस्त से शुरू हुए इस पांच दिवसीय आयोजन में भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की। समापन अवसर पर रविवार शाम विभिन्न गणेश पंडालों से गाजे बाजे और नाच गान के साथ भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया। प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। बिसरा चौक फल फंडी, नव युवक संस्कृति संघ, केकरी बेकरी, बिसरा यूथ क्लब, पुराना स्टेशन चौक, जनता निवास लेन और उदित नगर पेट्रोल पंप परिसर सहित दर्जनभर से अधिक स्थानों से सजी, धजी प्रतिमाएं जुलूस के रूप में मुख्य मार्ग से होकर निकलीं। विसर्जन जुलूस के दौरान शहर के मुख्य मार्गों पर भगवान गणेश के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्तिमय गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

### स्नेही भवन में समाज की नई कमेटी का चुनाव




**राउरकेला।** शहर में समाज के लोगों की बेरुखी ने स्नेही समाज के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिया। रविवार की दोपहर साढ़े 12 बजे तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, कल्चरल सेक्रेटरी के एक एक व जॉइंट सेक्रेटरी के तीन तथा कार्यकारिणी के 17 सदस्यों के लिए नामांकन का समय था। लेकिन निर्धारित समय पर मात्र अध्यक्ष के लिए केशव लाल ने नामांकन पर्चा भरा। आधा घंटा अवधि बढ़ाने पर कोषाध्यक्ष पद पर अशोक गुप्ता ने पर्चा भरा। ज्ञात हो वर्तमान में कमिटी के अध्यक्ष मोहन साहू हैं व उनकी कमेटी के 25 सदस्यों में आश्चर्यजनक रूप से मात्र पांच सदस्य ही हैं जो चुनाव के लिए योग्य बताये गए। मोहन साहू के कार्यकाल में 40 मीटिंग हुई, वर्तमान कमिटी के अनुसार बीते कमिटी के मात्र 5 सदस्य ही 12 मीटिंग में शामिल हुए। तीन अगस्त को समाज का ए जी एम हुआ, जिसमें उपस्थिति पांच लोग ही रहे। नई तथाकथित केरम बोर्ड के तर्ज पर गठित कमिटी में .अध्यक्ष केशव लाल साहू, सचिव भोला शरण प्रसाद, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, कार्यकारिणी समिति सदस्य प्रमोद कुमारनतुल्य व विमल साहू के रूप में घोषणा हुई।

देश-प्रदेश के कलाकारों ने पांचवीं संध्या को बनाया यादगार, शास्त्रीय-लोक संगम ने जीता दिल

# मंच पर बिखरी लोक व शास्त्रीय प्रस्तुतियों की अनूठी छटा








हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 2025 के पांचवें दिन संगीत, नृत्य और लोक प्रस्तुतियों की मनमोहक छटा ने सांस्कृतिक मंच को जीवंत कर दिया। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग, पर्यटन मंडल एवं जन सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में शास्त्रीय संगीत, कथक, भरतनाट्यम, क्लासिकल डांस और मधुर गायन की अद्भुत संगम से दर्शक देर रात तक मंत्रमुग्ध रहे।

रायगढ़ की बेटी आराध्या कुमारी सिंह ने अपने शास्त्रीय संगीत से समारोह में समां बांधा। कोरबा की अश्विका साव ने कथक की भाव-भंगिमाओं और अदाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं रायपुर से पहुंचे सुश्री अन्विता विश्वकर्मा का क्लासिकल डांस आकर्षण का केंद्र रहा। पुणे की डॉ.मेघा राव एवं बहन शुभ्रा तलेगांवकर ने अपनी मधुर गायन से समारोह को सुरमय बनाया, जबकि भिलाई की आद्या पांडेय ने भरतनाट्यम में अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। दुर्ग के प्रख्यात कलाकार डॉ.कृष्ण कुमार सिन्हा और रायगढ़ की शैल्वी सहगल ने कथक की मनभावन प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। दुर्ग की सुश्री एम.टी.मृन्मयी ने भरतनाट्यम नृत्य से आकर्षित किया। समारोह में स्थानीय कलाकारों की लोक प्रस्तुतियों ने खासा प्रभाव छोड़ा। चक्रधर समारोह का हर दिन जहां एक नई छाप छोड़ रहा है, वहीं पांचवें दिन की प्रस्तुतियों ने इसे और भी यादगार बना दिया।

### आराध्या ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत रायगढ़ की नन्ही बालिका कुमारी आराध्या सिंह की मनमोहक शास्त्रीय संगीत प्रस्तुति से हुई। अपनी मधुर वाणी और स्वरलहरियों से उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुमारी आराध्या सिंह ने राग वृंदावली सारंग में छोटा खयाल, तीन ताल, द्रुत लय, तराना और मीरा भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सुरमयी बना दिया। उनकी प्रस्तुति में तबले पर राम भावसर, सारंगी पर शफीन हुसैन, हारमोनियम पर लालाराम और पलक प्रधान ने संगत दी, जिससे माहौल और अधिक जीवंत हो उठा। बता दे कि रायगढ़ की बेटी कुमारी आराध्या सिंह पिछले चार वर्षों से चक्रधर कला एवं संगीत महाविद्यालय में गुरु माता श्रीमती चंद्रा देवांगन से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। बाल्यावस्था से ही संगीत के प्रति गहरी रुचि रखने वाली आराध्या, देश की प्रसिद्ध भजन गायिका मैथिली ठाकुर को अपना आदर्श मानती हैं।

### नृत्यांगना मृन्मयी ने बांधा समां

दुर्ग से आयी भरतनाट्यम नृत्यांगना सुश्री एम.टी.मृन्मयी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध भरतनाट्यम आचार्य डॉ.जी.रतीश बाबू की सुपुत्री एवं शिष्या मृन्मयी ने अपनी साधना और अनुशासन से भरतनाट्यम की परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। अब तक 1300 से अधिक मंचों पर एकल प्रस्तुतियाँ देकर उन्होंने शास्त्रीय नृत्य मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। मृन्मयी ने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों जैसे-चिलंका फेस्ट (केरल सरकार), संगीत नाटक अकादमी युवा महोत्सव, प्रयागराज कुंभ, हॉल ऑफ फेम चेन्नई, तपस नृत्यउत्सव चेन्नई, पुनर उत्सव बैंगलुरु समेत कई प्रमुख आयोजनों में अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने भारत की शास्त्रीय नृत्य परंपरा का प्रतिनिधित्व बैंकॉक, मलेशिया एवं अन्य देशों में किया है।

### 11 वर्ष की अन्विता ने मोहा मन

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 2025 के पांचवें दिन का मंच तब तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा जब रायपुर की नन्ही नृत्यांगना अन्विता विश्वकर्मा ने लखनऊ घराने की भावपूर्ण एवं सधी हुई प्रस्तुति दी। मात्र 11 वर्ष की आयु में अन्विता ने अपनी अद्भुत नृत्यकला से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने पहले उठान, विष्णु वंदना, ठाठ, आमद, बोल-तोड़े एवं परन और कविता रूपी ठुमरी के साथ अंत में तत्कार के प्रकार की प्रस्तुति दी। अन्विता वर्तमान में कक्षा सातवीं की छात्रा हैं और बचपन से ही नृत्य के प्रति विशेष रुचि रखती हैं। उन्होंने मात्र तीन वर्ष की उम्र से नृत्य प्रशिक्षण लेना शुरू किया। लखनऊ घराने से ताल्लुक रखने वाली अन्विता अपनी गुरु अंजनी ठाकुर के मार्गदर्शन में लगातार निखर रही हैं। देश और प्रदेश के कई प्रतिष्ठित मंचों एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अन्विता अनेक पुरस्कार जीत चुकी हैं।

### डॉ. सिन्हा की कथक में शिव स्तुति

राजनांदगाँव के प्रख्यात कथक कलाकार डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा और उनकी टीम ने नृत्य की अद्भुत छटा बिखेरी। कथक की विविध झलकियों से सजे मंच पर उन्होंने शिव स्तुति, शिव तांडव, गंगा अवतरण, रायगढ़ एवं जयपुर घराना, लखनऊ घराने की छटा, तोड़ा, तराना, जुगलबंदी, नाव की गत और अष्ट नायिका जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाव-भंगिमाओं की जीवंतता और लय की गहराई ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। डॉ. सिन्हा ने कहा कि कथक केवल नृत्य नहीं, बल्कि संस्कृति, साधना और जीवन मूल्यों का जीवंत प्रतिबिंब है। चक्रधर समारोह केवल मंचीय कला नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति को जोडने वाली अमर धारा है।

### डॉ. मेघा और शुभ्रा ने शास्त्रीय संगीत से बांधा समां

समारोह में ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायिका डॉ. मेघा तलेगांवकर राव और उनकी छोटी बहन शुभ्रा तलेगांवकर ने अपनी मनमोहक भक्तिमय भजन गायकी से उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और समारोह में शास्त्रीय संगीत की खुशबू बिखेर दी। डॉ. मेघा राव और शुभ्रा तलेगांवकर परिवार की तीसरी पीढ़ी की प्रतिभाशाली कलाकार हैं। उन्होंने बचपन से ही शास्त्रीय संगीत की साधना शुरू की और मेघा प्रारंभिक प्रशिक्षण ग्वालियर घराने के प्रख्यात संगीतज्ञ पंडित रघुनाथ तलेगांवकर के सानिध्य में शुरू हुआ। अपने पिता पंडित केशव तलेगांवकर एवं माता श्रीमती प्रतिभा केशव तलेगांवकर से उन्नत प्रशिक्षण हुआ।

### शैल्वी ने कथक से मोहा दर्शकों का मन

रायगढ़ की मात्र 14 वर्षीय नृत्यांगना शैल्वी सहगल ने अपनी कथक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 9वीं की छात्रा शैल्वी ने ताल, लय और भाव-भंगिमाओं की अद्भुत अभिव्यक्ति से रायगढ़ कथक की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया। शैल्वी सहगल अब तक अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुतियों से सराहना प्राप्त कर चुकी हैं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति समर्पित शैलवी का सपना है कि वे भविष्य में एक प्रोफेशनल कथक नर्तक बनकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करें।

### आद्या ने भरतनाट्यम से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

भिलाई की 16 वर्षीय नृत्यांगना आद्या पाण्डेय ने अपनी भरतनाट्यम प्रस्तुति से ऐसा समां बाँधा कि पूरा सभागार तालियों की गडगड़ाहट से गूँज उठा। भारतीय इतिहास और शास्त्रीय नृत्य की भाव-भंगिमाओं को उन्होंने जिस सहजता और शुद्धता से प्रस्तुत किया, उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आद्या पाण्डेय अब तक 25 राष्ट्रीय और 3 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं। भरतनाट्यम की शिक्षा उन्होंने मात्र 4 वर्ष की आयु में प्रारंभ की और अपने गुरु नृत्य चूड़ामणि अलंकृत डॉ.जी.रतीश बाबू से विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त की हैं। भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को जीवंत करने वाली यह नन्ही कलाकार शिक्षा में भी उतनी ही दक्ष हैं। कक्षा 11वीं की छात्रा आद्या पाण्डेय ने हाल ही में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल किए हैं।

## भाजपाइयों का घरघोड़ा में आक्रोश फूटा

**घरघोड़ा।** बिहार में कांग्रेस की सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर घरघोड़ा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। शनिवार को जय स्तंभ चौक पर भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला जलाकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी की।

- प्रधानमंत्री और उनकी माता पर टिप्पणी के विरोध में राहुल गांधी का पुतला दहन

भाजपा मंडल महामंत्री हंस राज गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के मंच से जब प्रधानमंत्री और उनकी माताजी के लिए अपमानजनक शब्द कहे गए, तब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने न तो उस पर खेद जताया और न ही ऐसे लोगों की निंदा की। यह कांग्रेस की ओछी मानसिकता और उसके संस्कारों का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान पूरे देश का अपमान है और भाजपा इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला मंत्री जनेश्वर मिश्रा, पूर्व पार्षद डोले पटेल, मंडल उपाध्यक्ष रणजीत कनोजिया, प्रताप राठिया, रितेश गौरीशंकर गुप्ता, शशिभूषण सिंह ठाकुर, समय लाल माझी, पार्षद भोलू उरांव, राजू मरावी, संदीप सिंह, विष्णु बैरागी, पालू उरांव, कुंतिला उरांव, बीरबल, भगवान दास बैरागी, गुरमीत पोथीवाल, धीरेन्द्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### मवेशी की तस्करी करते तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** माजदा वाहन से मवेशी की तस्करी करते तस्कर को पुलिस ने पकड़ा है। उसके कब्जे से 25 गाय,बछड़ा व बैल बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पशु संरक्षक अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को रविवार 31 अगस्त को मवेशी तस्करी की सूचना मिली। सूचना पर जांजगीर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई। खोखरा से उड़ीसा तरफ अवैध रूप से पशु तस्करी कर ले जाने की सूचना पर गठित रिस्पांस टीम ने फोरलेन मुनुद चौक के पास रेड कार्यवाही की। सफेद रंग के मजदा वाहन सीजी 11 एजी 1875 को रोक कर तलाशी लिए जाने पर वहां में 25 गाय,बछड़ा व बैल मिला।

## खाद की किल्लत, किसानों के समर्थन में उतरी आप

**रायगढ़।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन पार्टी कार्यकर्ता रुसेन कुमार और उनके साथियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों को खाद और यूरिया की सही कीमत पर उपलब्धता नहीं हो रही है। बाज़ार में तय दाम से ज़्यादा वसूला जा रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि धान बेचने में भी उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और बिचौलिए ज्यादा पैसा खा रहे हैं। आप पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि सरकार ने इस ओर तुरंत कदम नहीं उठाए तो किसानों की फसलें बर्बाद हो सकती हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से विशेष जांच दल एसआईटी का गठन कर खाद घोटाले की जांच, सहकारी समितियों में पारदर्शिता और समय पर खाद उपलब्ध कराना, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही, गांव-गांव. में किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए चलित ट्रक मोबाइल वैन, खाद का अधिकृत मूल्य नियंत्रित रखना, जिन किसानों को देर से खाद मिला है उन्हें विशेष राहत पैकेज समेत वितरण प्रणाली में डिजिटल नियंत्रण की मांग की है।



## सुंदरगढ़ जिले में जब्त जमीनों को कब्जामुक्त कराने की मांग

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले समेत आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न विभागों और जांच एजेंसियों द्वारा समय-समय पर जब्त की गई जमीनों और उन पर खड़े निर्माण को लेकर अब नया विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने इस मुद्दे पर कड़े सवाल उठाते हुए उच्च स्तरीय जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

डॉ. यादव ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के समय प्रशासन की मूक स्वीकृति और मौन समर्थन के कारण अरबों की जमीनें कब्जे में चली गईं या फिर अवैध रूप से आरओआर में परिवर्तित कर दी गईं। उन्होंने कहा कि बेथेल फाइनेंस, गोल्डन फॉरेस्ट और अन्य कई चिटफंड कंपनियों ने वृक्षारोपण और काल्पनिक प्रकल्पों के नाम पर विभिन्न तहसीलों के अंतर्गत करोड़ों की जमीनें हासिल कर लीं। बाद में जांच एजेंसियों द्वारा रेड कर इन जमीनों को जब्त भी किया गया, लेकिन आज इन पर खुलेआम प्लॉटिंग और अवैध निर्माण हो रहे हैं।

## अभिनव विद्या मंदिर के 4 गाइड्स को राष्ट्रपति पुरस्कार

**पुसौर।** स्थानीय अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के लिए शनिवार का दिन गौरवशाली रहा। जब विद्यालय की चार छात्राओं को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हुआ। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया। यह प्रमाण पत्र महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मूर्मू के हस्ताक्षर से जारी हुआ है।



अभिनव विद्या मंदिर पुसौर से कु. भाग्यश्री बारीक, कु. राखी पटेल, कु. भारती गुप्ता और कु. आस्था सतपथी को यह सम्मान मिला। विद्यालय की आस्था सतपथी समारोह में स्वयं भारत मंडपम उपस्थित रहकर प्रमाण पत्र प्राप्त करने का गौरव हासिल किया। इसी तरह शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरायपाली से कु. मोनिका चौधरी, कु. दामिनी निषाद, कु. अंजली साहू और कु. गीतांजली गुप्ता को भी राष्ट्रपति पुरस्कार मिला। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ से 20 स्काउट-गाइड, रोवर-रेन्जर का दल राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में इस समारोह में शामिल हुआ।

## डाकघर से जालसाजी में लेडी पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

**बिरमित्रपुर।** बिरमित्रपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बड़े डाकघर घोटाले का खुलासा हुआ है। थाना में दर्ज शिकायत के अनुसार आंधरी ग्राम पंचायत की निवासी सुनीता साहू 27 पत्नी शिवशंकर साहू ने लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उनके डाकघर खाते नं. 010053938760 से धोखाधड़ी कर राशि निकाली गई। सुनीता ने बताया कि उन्होंने 11 जून को 10,000 रुपए और 21 जून को फिर 10,000 रुपए अपने खाते में जमा किए थे। लेकिन 13 जून को उनके खाते से 10,000 रुपए बिना जानकारी के निकाल लिए गए। जांच में सामने आया कि आंधरी डाकघर की पोस्ट मास्टर सुचिता क्षेस ने न केवल उनके खाते से बल्कि कई अन्य खाताधारकों सिमंती तिर्की, सेबती केरकेट्टा, मजेस्टा केरकेट्टा, रसालिया केरकेट्टा, नरेंद्र नाथ, पुष्पांजलि नाग और सबिता नाथ के खातों से भी धोखाधड़ी कर रुपए निकाले। आरोप है कि पोस्ट मास्टर ने फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान बनाकर खाताधारकों की रकम निकाल ली।

आंबा कार्यकर्ता शासन की अनदेखी से नाराज, कलेक्टोरेट का घेराव

# सरकार के कार्यकाल में पहली बार विरोध में उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भाजपा सरकार में अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी विरोध में उतर आई हैं। पहले से ही एनएचएम कर्मी हडताल में हैं। वहीं अब आंबा कार्यकर्ताओं की नाराजगी बढ रही है। सोमवार को कार्यकर्ताओं ने मिनी स्टेडियम में ना सिर्फ धरना दिया, बल्कि उन्होंने रैली निकालकर कलेक्टर का घेराव भी कर दिया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वे राजधानी में अनिश्चितकालीन हडताल करने के लिए विवश होंगी।

सोमवार को बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ संयुक्त मंच की महिलाएं मिनी स्टेडियम रायगढ़ में एकत्रित हुईं। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि बीते 50 वर्षों से वे समाज की जड़ों तक सेवाएं दे रही हैं, लेकिन सरकार द्वारा अब तक उन्हें न तो उचित मानदेय दिया गया और न ही अन्य कर्मचारी सुविधाएं। उन्होंने कहा कि लगातार अनदेखी के चलते अब आंदोलन करना मजबूरी हो गया है।



### बरसात में भीगते निकाली गई रैली

सोमवार को कार्यकर्ताओं ने मिनी स्टेडियम में प्रदर्शन किया। मिनी स्टेडियम एक सभास्थल के रूप में तब्दील हो गया था। प्रदर्शन स्थल में जिलेभर की कार्यकर्ताएं एकत्रित हुईं। इस दौरान उन्होने सरकार के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने रैली निकाली। रैली निकालने के दरमियान बारिश हुई तो कार्यकर्ताएं बारिश में भीगते हुए अपनी आवाज बुलंद कर रहीं थीं।

### कार्यकर्ताओं की मांगें

आईसीडीएस योजना के अंतर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और समान सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कार्यकर्ताओं का मानदेय 22,100 रुपये तथा सहायिकाओं का 18,000 रुपये प्रतिमाह किया जाए। सेवा निवृत्ति के पश्चात पेंशन, उपदान, समूह बीमा एवं चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। कार्यकर्ता सहायिकाओं की पदोन्नति की व्यवस्था पूर्व की भांति की जाए। पोषण ट्रैकर व ई.केवाईसी जैसी डिजिटल प्रणाली से उत्पन्न तकनीकी परेशानियों को समाप्त किया जाए। महंगाई भत्ता लागू किया जाए तथा उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुरूप न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जाए। 35.40 वर्ष की सेवा पूरी करने वाली कार्यकर्ता सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति पर 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन एवं 8 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाए। आकस्मिक निधन की स्थिति में कार्यकर्ता सहायिका के परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने साफ कहा है कि यदि उनकी मांगों पर सरकार ने जल्द ही कार्रवाई नहीं की तो वे आगामी 19 सितंबर को राजधानी रायपुर में धरना देंगी।

